तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 जून 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 तालाब में सफाई के लिए उतरा ग्रामीण जलकुंभी में फंसने से मौत



## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने संजीवनी एक्सप्रेस प्रबंधन को जारी किया नोटिस

**कोरबा।** लामपहाड़ के समीप एक युवक बाइक से अनियंत्रित होकर सड़क पर जा गिरा। आरोप हैं की उक्त युवक को संजीवनी एक्सप्रेस की सुविधा नहीं मिली। करीब तीन घंटे बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची, तब तक युवक की मृत्यु हो चुकी थी। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग ने गंभीरता से लेते हुए तथ्यात्मक जांच कराई। जांच के लिए खंड चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताढ़ी को वस्तुस्थिति का परीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे।

### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

**कोरबा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) और चाइल्ड हेल्पलाइन के द्वारा रेलवे स्टेशन में बाल श्रम उन्मूलन व बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेलवे पुलिस बल और स्टेशन मास्टर का विशेष सहयोग रहा। समुदाय स्तर पर जनसंवाद, पोस्टर, पामलेट अभियान तथा बाल श्रम के दुष्परिणामों से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अधिकार है तथा बाल श्रम इन अधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि बाल श्रम के उन्मूलन के लिए सरकार, प्रशासन, नागरिक समाज संगठनों तथा समुदाय की सामूहिक भागीदारी आवश्यक है। सभी प्रतिभागियों ने बाल श्रम मुक्त समाज के निर्माण के लिए संकल्प लेते हुए बच्चों के अधिकारों की रक्षा के लिए सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे बाल श्रम के किसी भी मामले की जानकारी संबंधित विभागों को दें तथा बच्चों को शिक्षा और सुरक्षित बचपन सुनिश्चित करने में अपना योगदान दें।

### मुख्यमंत्री हेल्पलाइन समस्याओं के समाधान का भरोसेमंद माध्यम

**कोरबा।** शासन की जनहितकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजनों तक समय पर पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सशक्त माध्यम बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों और मांगों पर जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी रखते हुए शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जा रहा है। जिले में अब तक राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, नगरीय प्रशासन, खाद्य, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 505 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 142 से अधिक आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण कर संबंधित आवेदकों को राहत पहुंचाई गई है। शेष प्रकरणों पर भी विभागीय स्तर पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

### दिव्यांग हितग्राही को व्हीलचेयर प्रदान कर पहुंचाई राहत

**कोरबा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आज प्राप्त एक दिव्यांग हितग्राही की समस्या का त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण करते हुए कलेक्टर कुणाल दुदावत ने तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर राहत पहुंचाई। जनदर्शन में करतला विकासखण्ड के ग्राम तुमान के रहने वाले व्यास गोस्वामी ने अपने 13 वर्षीय दिव्यांग पुत्र यश गोस्वामी के चलने-फिरने में हो रही कठिनाइयों से अवगत कराते हुए व्हीलचेयर उपलब्ध कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन मिलते ही कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# जनवरी तक तैयार करना होगा नया मेडिकल कॉलेज भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

उद्योग, वाणिज्य, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने जिले के ग्राम भूलसीडीह स्थित निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों, लेक्चर हॉल, अकादमिक ब्लॉक तथा डीन कार्यालय का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से निर्माण कार्यों एवं उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मंत्री श्री देवांगन को मेडिकल कॉलेज में विकसित की जा रही क्लिनिकल एवं पैरा-क्लिनिकल प्रयोगशालाओं, एनाटॉमी तथा फिजियोलॉजी विभाग सहित अन्य आवश्यक अधोसंरचनाओं के संबंध में जानकारी दी। मंत्री श्री देवांगन ने सभी विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी जनवरी माह तक सभी कार्य पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि ⏭ शेष पेज 3 पर

### उद्योग मंत्री ने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण

**खास बात**

- हॉस्पीटल सहित आवासीय कालोनी का चल रहा है निर्माण कार्य



### निर्माणाधीन सड़कों का किया निरीक्षण

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने भारतमाला परियोजना के तहत उरगा से बिलासपुर, उरगा से चांपा तथा उरगा से पथलगांव तक निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग कार्यों का जायजा किया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि उरगा-चांपा मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि उरगा-बिलासपुर मार्ग का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं उरगा-पथलगांव मार्ग का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है।

## आश्रम छात्रावासों को भी किया गया तैयार

# आज से खुलेंगे स्कूल, एक सेट ही मिलेगी ड्रेस, साइकिल के लिए करना होगा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंगलवार को नए शिक्षण सत्र के शुरुआत के साथ शिक्षा के जैसे महत्वपूर्ण कार्य का मंगल उत्सव भी शाला प्रवेश उत्सव के साथ शुरू हो जाएगा। जिले के सभी स्कूलों में इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। स्कूलों के साफ सफाई से लेकर मध्यान्ह भोजन कक्ष को भी तैयार किया गया है। गणवेश और किताबों के वितरण पहले दिन से शुरू हो जाएंगे, किन्तु साइकिल के लिए छात्राओं को इंतजार करना पड़ेगा।

जिले के निजी और सरकारी स्कूलों में नया शिक्षण सत्र की शुरुआत मंगलवार से हो जाएगी। प्रवेश शाला उत्सव के साथ सभी स्कूलों में नए छात्रों को प्रवेश दिलाया जाएगा। निजी स्कूलों से लेकर सरकारी स्कूलों में शाला प्रवेश उत्सव मनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है। मंगलवार को शुरू हो रहे नए शिक्षण सत्र के साथ ही शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य का मंगल उत्सव भी शुरू हो जाएगा। शिक्षा विभाग के द्वारा इसकी तैयारियों को लेकर एक सप्ताह पूर्व सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की बैठक आहूत कर संस्थान खोलने के तैयारी के निर्देश दिए गए थे। साफ सफाई के साथ मध्यान्ह भोजन कक्ष की सफाई और मध्यान्ह सामग्री नए सिरे से व्यवस्था करने को कहा गया था। किसी भी स्थिति में पुरानी खाद्य सामग्री का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। ⏭ शेष पेज 3 पर

### नए शिक्षण सत्र की तैयारियों की हुई समीक्षा



जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्थाई शिक्षा समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्रीमती निकिता जायसवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी ताम्रेश्वर उपाध्याय द्वारा शिक्षा विभाग की विद्यालय खुलने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। उक्त बैठक में मानदेय शिक्षक और भृत्य की नियुक्ति के संबंध में चर्चा की गई। जिनकी नियुक्ति इस माह कर ली जाएगी, सरस्वती सायकल योजना, पुस्तक, गणवेश, संबंधी तैयारी पूरी कर ली गई है। जो शिक्षक अतिशेष में दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में जॉइन नहीं किये हैं, उनके जगह मानदेय शिक्षक की अनुमति श्रीमान कलेक्टर द्वारा लिया जाएगा। छात्रावास आश्रम के संबंध में जानकारी देते हुए एसी श्रीकांत कसेर सर द्वारा आश्रम और छात्रावास में प्रवेश संबंधी जानकारी, सुरक्षा संबंधी जानकारी दी गई। जिला अध्यक्ष द्वारा और श्रीमती रेणुका राठिया एवं विद्वान मरकाम द्वारा विद्यालय संबंधी खामियां न हो इस संबंध में चर्चा की गई एवं सुझाव दिए गए। समिति के बैठक में जिले के सभी ब्लॉक के बीईओ, एबीईओ, बीआरसी, खेल अधिकारी दीनू पटेल, जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री गभेल व के आर टंडन तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मानदेय भर्ती में नया नियम, जिस संस्था में पदस्थ हैं वहीं मिलेगा अनुभव पर अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानदेय शिक्षक के पद पर भर्ती के लिए इस वर्ष अनुभव का अंक लाभ पुराने अभ्यर्थियों को उसी संस्था में आवेदन देने से मिलेगा, जिस संस्था में वह मानदेय दर पर पदस्थ रहे हैं। बीते वर्ष सभी स्थानों में अनुभव अंक लाभ लिए जाने से विषम स्थिति निर्मित हो गई थी।

मानदेय शिक्षक भर्ती की प्रक्रिया 30 जून तक पूरी कर ली जाएगी। जिसकी तैयारी शिक्षा विभाग के द्वारा कर ली गई है। इसके लिए पंचायत स्तर पर भी आवेदन लिए जाएंगे। मेरिट के आधार पर भर्ती की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बीते वर्ष भर्ती की प्रक्रिया के दौरान पुराने अभ्यर्थियों को जिले के सभी शिक्षण संस्थाओं में आवेदन देने से उनको अनुभव का अंक का लाभ दिया गया था। इस वर्ष इस नियम को बदलकर नए नियम को जोड़ा गया है। अब पुराने अभ्यर्थियों को भी आवेदन देना होगा, और उन्हें अनुभव अंक लाभ उसी संस्था में मिलेगा, जिस संस्था में वह बीते शिक्षण सत्र में मानदेय दर पर पदस्थ रहकर अपनी सेवाएं दी है। अंकों के आधार पर होने वाली इस भर्ती के लिए अभ्यर्थियों को पुनः संस्था में ही आवेदन देना होगा। इसी तरह नए अभ्यर्थियों को भी संस्था में ही आवेदन देने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग के द्वारा 30 जून तक सभी पदों पर भर्ती पूरी कर ली जाएगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

**खास बातें**

- बीते वर्ष सभी स्थानों में अनुभव का लाभ मिलने से उत्पन्न हुई थी विषम स्थिति
- 30 जून तक भर्ती करने की विभाग ने की तैयारी

### 500 से अधिक पदों पर होगी भर्ती

जिले में मानदेय शिक्षकों की भर्ती 500 पदों पर की जाएगी। जिसमें प्राथमिक शाला में 250 पद और पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी में डेढ़-डेढ़ सौ पदों पर भर्ती होगी। इसके अलावा भृत्यों की भी भर्ती की जाएगी। इसके लिए 300 पद स्कूलों में रिक्त हैं। इनकों भी अनुभव का लाभ उसी संस्था में दिया जाएगा जिस संस्था में वह बीते शिक्षण संस्था के द्वारा अपनी सेवाएं दिए हैं।

### पुराने संस्था में ही मिलेगी लाभ

मानदेय शिक्षक भर्ती के दौरान इस वर्ष पुराने अभ्यर्थियों को अनुभव का लाभ उसी संस्था में आवेदन करने पर दिया जाएगा, जिस संस्था में वह बीते शिक्षण सत्र के दौरान अपनी सेवाएं दिए हैं।

**-टीपी उपाध्याय,** डीईओ

# पुरानी रंजिश को लेकर भाजपा नेता की बेरहमी से पिटाई, जिपं सदस्य सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पुरानी रंजिश को लेकर रिस्दी रोड में भाजपा नेता की जिला पंचायत सदस्य ने अपने साथियों के साथ बेरहमी से पिटाई कर उसके दोनों पैर को तोड़ दिया गया है। वारदात के सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आयी और पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले जिला पंचायत सदस्य सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष शिवबालक सिंह तोमर व उसके भतीजे के बीच जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली का पुराना विवाद चला आ रहा था। बताया जाता है शिव बालक सिंह तोमर सोमवार की लगभग 12 बजे रिस्दी रोड स्थित जेल के समीप पहुंचा हुआ था इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचा और पुराने विवाद को लेकर शिव बालक सिंह तोमर की ताबड़ तोड़ पिटाई शुरु कर दी। इस हमले में हमलावरों ने स्टील रॉड से वार कर तोमर के दोनों पैर (घुटने के नीचे से) तोड़ दिए। गंभीर रूप से घायल भाजपा नेता को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन सहित भाजपा नेता बड़ी संख्या में मेडिकल अस्पताल पहुंचे हुए थे। मामला सामने आते ही पुलिस की टीम हरकत में आयी और चंद घंटों के भीतर पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य रज्जाक अली सहित तीन लोगों को हिरासत में ले लिया है। जिनके खिलाफ हत्या का प्रयास का मामला दर्ज किया गया है।

**खास बात**

- कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन मिलने पहुंचे थे अस्पताल



भाजपा नेता का हाल चाल जानते उद्योग मंत्री श्री देवांगन।

# एएसआई के पुत्र की हत्या के मामले में आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एएसआई के पुत्र पर गाड़ी चढ़ाकर उसे मौत के घाट उतारने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। जबकि घटना में इस्तेमाल की गई बोलेरो वाहन को भी जब्त कर लिया गया है।

**खास बात**

- घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन को पुलिस ने किया जब्त

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सीएसईबी कॉलोनी निवासी यातायात थाना में पदस्थ सउनि रामनारायण रात्रे का पुत्र चंद्रमणी रात्रे उर्फ दादू अपने दोस्त शुभम सिंह बघेल और साहिल निर्मलकर और अरविंद राठौर के साथ 6 जून की रात लगभग 1.28 बजे मानिकपुर चौकी क्षेत्र के बाइपास रोड पर पहुंचे थे कि इसी दौरान बोलेरो वाहन में सवार कुछ युवक पहुंचे और इस दौरान साइड को देने को लेकर उनके मध्य विवाद हुआ और बोलेरो वाहन में सवार युवकों ने सउनि के पुत्र चंद्रमणी रात्रे पर बोलेरो वाहन चढ़ा दी और मौके से भाग निकले थे। जिसके उपरांत चंद्रमणी का रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 103(1), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस की अलग अलग टीम गठित की गई। पुलिस टीमों द्वारा लगातार प्रयास करते हुए घटना से संबंधित 50 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई तथा सौ से अधिक लोगों से पूछताछ की गई। विवेचना के दौरान पड़ोसी जिला सक्ति के हामु कुसमुंडा निवासी राजेन्द्र साहू उर्फ कुनाल साहू पिता लक्ष्मी प्रसाद साहू उम्र 22 वर्ष की संलिप्तता सामने आने के बाद पूछताछ में आरोपी द्वारा अपने साथी योगेन्द्र बघेल उर्फ योगी के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया। आरोपी के मेमोरेंडम कथन के आधार पर घटना में प्रयुक्त बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीडी 5025 को जप्त किया गया। विवेचना के दौरान यह भी तथ्य सामने आया कि गिरफ्तार आरोपी उसी दिनांक को थाना बाकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत बालगी में घटित डकैती की घटना में भी संलिप्त था। उक्त डकैती प्रकरण में पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा घटना में प्रयुक्त वेन्यू कार एवं स्कूटी वाहन को पुलिस द्वारा जप्त किया गया था।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## केन्द्रीय शहरी व आवास कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू की पत्रकारवार्ता

# केन्द्र सरकार के 12 साल, विकास, सुरक्षा व जनकल्याण में हासिल की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित प्रेस वार्ता में केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुरक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री स्वयं को प्रधान सेवक मानते हैं और 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार समझकर दिन-रात सेवा में जुटे हुए हैं। तोखन साहू ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि जन-धन योजना के तहत 58 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं, जिनमें बड़ी संख्या महिलाओं की है। कोरोना काल से अब तक 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से करोड़ों नागरिकों को निःशुल्क उपचार की सुविधा मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के मकान मिले हैं तथा उज्ज्वला योजना ने महिलाओं को धुएं से मुक्ति दिलाई है। जल जीवन मिशन के जरिए घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का कार्य किया गया है, वहीं स्वच्छ भारत मिशन ने देश में स्वच्छता की नई चेतना पैदा की है।




पत्रकारों से बातचीत करते केंद्रीय राज्य मँत्री श्री साहू एवं अन्य।



केन्द्रीय राज्य मंत्री को ज्ञापन सौंपते कोरबा विकास समिति रेल के प्रतिनिधि।

# मधुमक्खियों के हमले से वृद्ध की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 63 वर्षीय वृद्ध अपने घर के समीप स्थित जंगल कोईलार भाजी तोड़ने गया हुआ था। इस दौरान मधुमक्खियों के झुंड ने वृद्ध पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। परिजनों की सहायता से उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**खास बात**

- बालको थाना क्षेत्र के लालघाट की घटना

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट निवासी सोनाराम मुंडा उम्र 63 वर्ष पिता सिद्धु मुंडा अपने घर के समीप जंगल में कोईलार भाजी तोड़ने गया हुआ था। इस दौरान एक बड़े पेड़ पर मधुमक्खी का छत्ता देखा और चंद मिंटों में ही सैंकड़ों मधुमक्खियों ने सोनाराम मुंडा पर सैकड़ों मधुमक्खियों ने उसे घेर लिया। सिर, चेहरे और पूरे शरीर पर लगातार डंक मारने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। साथी ग्रामीण जान बचाकर भागे और गांव में सूचना दी। जिसके बाद उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### जरहाभाठा मंदिर में हनुमान चालीसा आज

**बिलासपुर।** श्री नवदुर्गा शक्तिपीठ मंदिर समिति



जरहाभाठा में 16 जून को शाम 7.30 बजे से मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन रखा गया है। समिति के अध्यक्ष व सचिव ने समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों से श्री हनुमान चालीसा पाठ में भाग लेने का अनुरोध किया है।

### योग दिवस की तैयारियां बैठक आज

**बिलासपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को बी.आर. यादव स्मृति राज्य स्तरीय खेल परिसर, बहतराई इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसके लिए 16 जून को कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक होगी। जिसमें संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं जिले में योग के क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस वर्ष का विषय "योगा फॉर हेल्दी एजिंग" रखा गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातः 7 बजे से सामूहिक योगाभ्यास एवं विभिन्न योग आसनों का प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। जिले के सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों तथा शैक्षणिक संस्थानों में भी योग दिवस के आयोजन के निर्देश दिए गए हैं। योग दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण, बीज वितरण, स्वच्छता अभियान एवं पर्यावरण जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया जाएगा। विद्यार्थियों, स्काउट-गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) तथा अन्य सामाजिक एवं शैक्षणिक संस्थाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है।

### एक दिवसीय जैविक कृषि कार्यशाला कल

**बिलासपुर।** कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि महाविद्यालय एवं कृषि विभाग बिलासपुर के संयुक्त तत्वावधान में 17 जून को सुबह 11 बजे से एक दिवसीय जैविक कृषि कार्यशाला का आयोजन कृषि महाविद्यालय बिलासपुर के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में उप मुख्यमंत्री अरूण साव एवं दूसरे सत्र में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। कार्यक्रम में जिले के लगभग 400 किसान कार्यशाला में शामिल होंगे।

### तापमान 2 डिग्री कम उमस ने निकाला दम

**बिलासपुर।** गर्मी के मामले में सोमवार का दिन थोड़ा राहत भरा रहा, सुबह से ही बादल छाने के कारण करीब 11 बजे तक तेज धूप से निजात मिली, लेकिन अगले ही पल सूरज की तेज किरणों ने पसीना बहाने को मजबूर कर दिया। इस दौरान सामान्य से 2 डिग्री तक तापमान कम रहा और अधिकतम तापमान 39.7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसमी द्रोणिका पंजाब से हरियाणा और उत्तर प्रदेश से होकर गुजर रही है। वहीं बिहार से छत्तीसगढ़ के बीच समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई में द्रोणिका बनी हुई है, जिसका असर देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 4 दिन बेहद खास हो सकते है। इस दौरान बारिश की प्रबल संभावना बन रही है। हालांकि इस दौरान करीब 40 से 50 किमी की रफ्तार से हवा चलने और बिजली गिरने की आशंका भी है।

### संगीत संध्या 'सुकून' में राजेश देंगे प्रस्तुति 18 को

बिलासपुर। श्लोक-ध्वनि फाउंडेशन द्वारा संगीत प्रेमियों के लिए एक विशेष संगीतमय संध्या "सुकून" का आयोजन किया जा रहा है। यह लाइव कॉन्सर्ट 18 जून, गुरुवार की शाम 7 बजे से लखीराम ऑडिटोरियम में आयोजित होगा। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित ग़ज़ल एवं सुगम संगीत गायक राजेश सिंह अपनी भावपूर्ण प्रस्तुतियों से श्रोताओं को एक अविस्मरणीय संगीत यात्रा पर ले जाएंगे। उत्तर प्रदेश के हरदोई से संबंध रखने वाले राजेश सिंह ग़ज़ल, सुगम संगीत और साहित्यिक संगीत की दुनिया में उल्लेखनीय कार्य किया है।

# दो मासूमों से अनाचार, पुलिस ने नहीं किया घटनास्थल का निरीक्षण, सिरगिट्टी टीआई, एसआई लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दो मासूमों के साथ अनाचार के मामले में सिरगिट्टी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण नहीं किया, एसएसपी ने इस मामले में घोर लापरवाही बरतने पर सिरगिट्टी टीआई व विवेचक महिला एसआई को लाइन अटैच कर दिया है। इसके पहले समझौता कराने के आरोप में इस थाने के एसआई को लाइन अटैच किया गया था।

■ समझौता कराने के आरोप में पहले एसआई हो गया था लाइन अटैच

29 मई को सिरगिट्टी क्षेत्र की दो बच्चियों से अनाचार की रिपोर्ट लिखाई गई थी। 11 जून को पीड़िताओं के परिजन ने एसएसपी से मिलकर सिरगिट्टी पुलिस पर जांच में लापरवाही करने व समझौता कराने का संगीन आरोप लगाया। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एडीशनल एसपी पंकज कुमार पटेल ने आरोप की जांच कर रिपोर्ट पेश की। इसमें बताया गया कि अनाचार व पाक्सो अधिनियम के अत्यंत संवेदनशील प्रकरण में लापरवाही बरतते हुए घटनास्थल का निरीक्षण नहीं किया गया। प्रकरण में संबंधित महत्वपूर्ण साक्ष्यों को एकत्र न करते हुए बीएनएस की धारा 176, 3 के अंतर्गत 7 साल या अधिक की सजा वाले प्रकरणों सीन आफ क्राइम यूनिट टीम को सूचित न कर उपेक्षापूर्ण प्रदर्शित कर लापरवाही बरती गई है। एसएसपी ने लापरवाही बरतने के फलस्वरूप टीआई अभय सिंह बैस व प्रकरण की विवेचना अधिकारी संतोषी अग्रवाल को लाइन अटैच कर दिया है। ज्ञात हो कि 11 जून को परिजन के द्वारा समझौता कराने का आरोप लगाने पर इसी थाने के एसआई शीतला प्रसाद त्रिपाठी को लाइन अटैच किया गया था।

**टीआई सिंह होंगे सिरगिट्टी थाना प्रभारी**

एसएसपी श्री सिंह ने जिला विशेष शाखा में पदस्थ टीआई वायपी सिंह को सिरगिट्टी थाना प्रभारी व पचपेड़ी थाना प्रभारी राज सिंह को हटाकर सिरगिट्टी थाना का प्रभार दिया है। पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई कमला पुसाम को पचपेड़ी थाना प्रभारी बनाया गया है।

# सीमांकन आवेदनों पर अनावश्यक विलंब, हाईकोर्ट ने बिलासपुर तहसीलदार को दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राजस्व अधिकारियों द्वारा सीमांकन आवेदनों पर अनावश्यक विलंब किए जाने पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। न्यायमूर्ति अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की एकलपीठ ने बिलासपुर के मंगला क्षेत्र निवासी सरोज वाजपेयी की याचिका पर सुनवाई करते हुए तहसीलदार बिलासपुर को 15 दिनों के भीतर सीमांकन की प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया है।

याचिकाकर्ता सरोज वाजपेयी, निवासी भाटिया रेजीडेंसी, मंगला, अपनी निजी भूमि खसरा नंबर 968/2/ग, रकबा 0.0310 हेक्टेयर पर निर्माण कार्य शुरू करना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने 27 फरवरी 2026 को अतिरिक्त तहसीलदार के समक्ष सीमांकन के लिए आवेदन दिया था। करीब तीन माह बीत जाने के बाद भी राजस्व विभाग की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार वाजपेयी ने तर्क दिया कि वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले सीमांकन नहीं होने पर निर्माण कार्य बाधित हो जाएगा और अपूर्णीय क्षति होगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, 1959 के तहत सीमांकन आवेदन पर समयबद्ध कार्रवाई करना राजस्व अधिकारियों का वैधानिक दायित्व है। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से पैनल अधिवक्ता अमित नायक ने कहा कि लंबित आवेदन पर समय-सीमा तय किए जाने पर शासन को कोई आपत्ति नहीं है। मामले की तात्कालिकता को देखते हुए हाईकोर्ट ने तहसीलदार को निर्देश दिया कि प्रभावित भूमि स्वामियों को नोटिस देकर नियमानुसार सीमांकन की कार्रवाई पूरी करें। अदालत ने कहा कि यदि कोई कानूनी बाधा न हो तो आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने के 15 दिनों के भीतर सीमांकन की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी की जाए।



■ 15 दिनों के भीतर सीमांकन की प्रक्रिया पूरी करने कहा गया

## आग के कारण पूरे क्षेत्र में धुंआ भर गया, कर्मचारियों की मुस्तैदी व गार्ड की सतर्कता से हादसा टला

# सिम्स में बड़ा हादसा टला: केबल में लगी आग, एक्सरे व सोनोग्राफी बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सिम्स में सोमवार की सुबह अचानक आग लगने की खबर से हल्ला मच गया। आर्थोपेडिक वार्ड के सामने बिजली इन्कमिंग केबल में अचानक लगी, आग के कारण पूरे क्षेत्र में धुंआ भर गया, जिसके बाद सिम्स के कर्मचारियों की मुस्तैदी व गार्ड की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इस दौरान करीब 45 मिनट तक एक्सरे और सोनोग्राफी मशीन बंद रही।

सोमवार की सुबह 11 बजे अचानक सिम्स में अफरा तफरी मचने लगी, दरअसल आर्थोपेडिक वार्ड की ओपीडी के ठीक सामने लगे जनरेटर और बिजली के इनकमिंग केबल से धुंआ निकलता दिखा, इस दौरान केबल भरभरा कर चलने लगा, जिसके बाद गार्ड और कर्मचारियों ने मुस्तैदी दिखाई। सबस्टेशन से बिजली बंद कर पहले आग पर काबू पाया गया, और करीब आधे घंटें की मशक्कत के बाद नया इनकमिंग केबल जोड़ दिया गया। इस दौरान सिम्स के फायर सेफ्टी टीम ने फायर एक्जीबिशन का बखूबी उपयोग किया और लोगों की जान और सिम्स के सुरक्षा की। खास बात यह है कि यह पार्किंग एरिया के आसपास ही मौजूद है और इसके ठीक बाजू में जनरेटर रखा गया है, जिससे आग भड़कने का अंदेशा मंडराने लगा था, लेकिन कर्मचारियों ने जैसे तैसे आग पर काबू पा लिया था।

### रेडियोलॉजी विभाग में मशीन बंद

आग लगने के कारण केबल बदलने के लिए ट्रांसफार्मर से सप्लाई रोकी गई थी, इस दौरान करीब आधे घंटे तक कर्मचारियों ने केबल बदलने में मशक्कत की और करीब 45 मिनट तक रेडियोलॉजी विभाग की एक्सरे व सोनोग्राफी मशीनों को बंद किया गया था, वहीं सीटी स्कैन और एमआरआई मशीनें डीजी बैकअप के कारण चालू रही, हालांकि वेटिंग के मरीजों का बाद में एक्सरे और सोनोग्राफी की गई।

---

### समय रहते ठीक कर लिया गया

इनकमिंग केबल जल गया था, जिसके समय रहते ही ठीक किया गया, कर्मचारियों ने अपना पूरा सहयोग दिया, जिसके चलते किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आई। बिजली विभाग को सूचना देकर तत्काल काम किया गया है।

**-डॉ रमणेश मूर्ति**, डीन, सिम्स



अशोक नगर सड़क चौड़ीकरण में बाधा पहुंचा रहे पोल को हटाते कर्मचारी।

## ट्रांसफार्मर में आई खराबी घंटों बंद रही बिजली



राजकिशोर नगर स्थित गार्डन सिटी कॉलोनी में बिजली व्यवस्था को लेकर लोगों का गुस्सा फूट रहा है। कॉलोनी में आठ दिनों के भीतर दो ट्रांसफार्मर खराब हो चुके हैं। सैकड़ों परिवार भीषण गर्मी और अंधेरे में रहने को मजबूर हैं।

गार्डन सिटी कॉलोनी के रहवासियों का कहना है कि ट्रांसफार्मर खराब होने के बाद दूसरा ट्रांसफार्मर बदला गया लेकिन अधिकारियों की लापरवाही के कारण इस ट्रांसफार्मर में भी अतिरिक्त भार डालकर बिजली आपूर्ति की जा रही थी, लेकिन दो दिन के भीतर ही ट्रांसफार्मर जल गया। खास बात यह है कि क्षेत्र में लोड इस कदर बढ़ चुका है कि आए दिन ट्रांसफार्मर और खंबों में आग लगने की नौबत आती है। बीती रात भी कॉलोनी की बिजली व्यवस्था ठप हो गई है। गर्मी के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि बिजली विभाग को कई बार शिकायत की गई, लेकिन स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों ने जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाने और नियमित बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। वहीं कॉलोनीवासियों ने चेतावनी दी है कि जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे। फिलहाल गार्डन सिटी कॉलोनी के लोग बिजली बहाल होने का इंतजार कर रहे हैं।

# अनाचाक कार मोड़ने से बाइक सवार दो युवक टकराए, एक गंभीर



दुर्घटनाग्रस्त कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नशे में कार चला रहे चालक द्वारा अचानक कार मोड़ने से तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार उससे टकराकर उछलकर सड़क पर गिर गए। एक युवक को गंभीर रूप से चोट आई है। उसे निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, 15 जून की शाम 5 बजे नर्मदा नगर की ओर से कार क्रमांक सीजी 11 बीडी, 2543 का चालक तेज रफ्तार से जा रहा था, उसने अचानक सांई मंदिर की ओर कार को मोड़ दिया, जिससे सामने से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक क्रमांक एमएच 35 एक्यू, 2907 में सवार दो युवक कार से टकराकर उछलकर सड़क पर गिरे। हादसे में एक युवक को गंभीर चोट आई है। वहीं कार सड़क किनारे लगे बोर्ड के खंभे से टकराकर रूक गई। हादसे के बाद चौराहे पर ट्रैफिक जाम हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 के द्वारा गंभीर रूप से घायल युवक को पास के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार चालक नशे में था और किसी को टक्कर मारकर तेज रफ्तार से भाग रहा था। पुलिस ने कार जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है।



## कोटा जनपद अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर भाजपा ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**कोटा/बिलासपुर।** जनपद पंचायत कोटा में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने के मामले में भाजपा जिला ग्रामीण संगठन ने अनुशासनात्मक रुख अपनाते हुए तीन जनप्रतिनिधियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जायसवाल द्वारा जारी नोटिस में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोहर सिंह राज, सभापति रघुबीर आर्मो एवं सभापति उर्मिला प्रधान से स्पष्टीकरण मांगा गया है। नोटिस में इनसे कोटा जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज साधेलाल भारद्वाज के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के संबंध में तीन दिवस के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी नोटिस के अनुसार संबंधित पदाधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने विपक्षी दलों के साथ समन्वय करते हुए जनपद अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने बिलासपुर कलेक्टर को दस सदस्यों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन सौंपा। भाजपा संगठन ने इस कृत्य को पार्टी अनुशासन के विरुद्ध मानते हुए इसे गंभीर विषय माना है। जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि लगभग एक वर्ष पूर्व हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दौरान पार्टी द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन कराया गया था। ऐसी स्थिति में पार्टी को विश्वास में लिए बिना अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाना संगठनात्मक अनुशासन का उल्लंघन माना गया है।

## सीयू : कार्रवाई की मांग को लेकर छात्रों ने दिया धरना

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पेपर लीक मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को यूनिवर्सिटी के ही एनएसयूआई से जुड़े छात्रों ने प्रशासनिक भवन में धरना प्रदर्शन और नारेबाजी की। छात्रों ने यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी कुमार दीक्षित को ज्ञापन सौंपकर मामले में जल्द कार्रवाई की मांग की है।

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में लॉ डिपार्टमेंट में कथित प्रश्न पत्र लीक मामले को लेकर आज सार्थक मिश्रा व सुदीप शास्त्री के साथ एनएसयूआई के यूनिवर्सिटी अध्यक्ष सुजल द्विवेदी सहित कुछ छात्र यूनिवर्सिटी पहुंचे। ये छात्र प्रशासनिक भवन भीतर धरना प्रदर्शन और नारेबाजी करने लगे तथा पेपर लीक मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे थे। इस प्रदर्शन की सूचना मिलने पर यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीक्षित छात्रों से मिलने पहुंचे और छात्रों ने रजिस्ट्रार के समक्ष अपनी बातें रखते हुए ज्ञापन सौंपा। सार्थक मिश्रा का कहना था कि दोबारा परीक्षा कराना समाधान नहीं दोषी चाहे शिक्षक हो या छात्र गलत करने वाले पर कार्रवाई होनी चाहिए। सुजल द्विवेदी का कहना है कि प्रश्न पत्र लीक जैसी घटनाएं विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और ऐसे मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जा सकती। कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन और तेज होगा।

## बार काउंसिल प्रतिनिधिमंडल ने की सीएम से सौजन्य भेंट, सौंपा ज्ञापन

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिज्ञ परिषद (स्टेट बार काउंसिल ऑफ छत्तीसगढ़) के अध्यक्ष रविन्द्र कुमार पाराशर के नेतृत्व में परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात कर प्रदेश के अधिवक्ताओं के कल्याण, सामाजिक सुरक्षा एवं पेशागत सुविधाओं से संबंधित 12 सूत्रीय मांगों पर चर्चा की तथा ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में परिषद के उपाध्यक्ष विराट वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र सोनी, बार काउंसिल ऑफ इंडिया सदस्य शैलेन्द्र दुबे, कार्यकारी उपाध्यक्ष आलोक कुमार गुप्ता तथा परिषद सदस्य शत्रुहन सिंह साहू, प्रभाकर सिंह चंदेल, भास्कर साहू, गणेश राम गुजराल, फैसल रिजवी, बृजेशनाथ पाण्डेय, विवेकानंद भोई, रूपेश त्रिवेदी, प्रशांत प्रभात तिवारी, रवि सिंह राजपूत आदि शामिल रहे।

## अब तक विभिन्न स्तर पर नियुक्त रजिस्ट्रार कर लेते थे ऑनलाइन

# जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्रों को ऑनलाइन कराने अप्रूवल जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जन्म एंव मृत्यु के ऐसे प्रमाणपत्र जो ऑफलाइन आधार पर जारी किए गए थे, उन्हें ऑनलाइन कराने के लिए अब जिला रजिस्ट्रार से अप्रूवल लेना जरूरी होगा। अब तक यह कार्य ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला स्तर तक के रजिस्ट्रार द्वारा अपने स्तर पर ही पूरा कर लिया जाता रहा है। प्रमाणपत्र जारी करने के दौरान फर्जीवाड़ा रोकने एवं पारदर्शिता को लेकर यह बदलाव किया गया है।

■ फर्जीवाड़ा रोकने व पारदर्शिता लाने उठाया गया कदम

अगर किसी के पास मैनुअली व ऑफलाइन पद्धति से जारी किया गया जन्म या मृत्यु प्रमाणपत्र है, जिसे ऑनलाइन करवाना हो तो अब इसके लिए सीधे संबंधित रजिस्ट्रार से नहीं कराया जा सकेगा। इसके लिए सबसे पहले जिला रजिस्ट्रार, जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग से अप्रूवल लेना होगा। इसके बाद ही संबंधित रजिस्ट्रार ऑफलाइन से ऑनलाईन प्रमाणपत्र जारी कर सकेंगे। ज्ञात हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत सचिव भी अपने स्तर पर रजिस्ट्रार ही हैं, जिससे उनके द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए इस तरह के प्रमाणपत्र सीधे तौर पर जारी करना आसान नहीं होगा। शासन द्वारा जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र के लिए बनाई गई नई व्यवस्था केवल पारदर्शिता एवं किसी भी तरह के फर्जीवाड़ा को रोकने के उद्देश्य से बनाई गई है।

### ऑफलाइन प्रमाणपत्रों के 70 हजार मामले पेंडिंग

ऐसे प्रमाणपत्र जो ऑफलाइन जारी किए गए हैं, लेकिन जिन्हें ऑनलाइन किया जाना है उनकी संख्या 70 हजार तक पहुंच चुकी है। ज्ञात हो कि वर्ष 2016 से 2020 तक चार वर्षो का पोर्टल दिल्ली से ही लॉक कर दिए जाने एवं नहीं खुलने के कारण इसी अवधि में जारी प्रमाणपत्रों को लेकर अधिक परेशानी हो रही है। लोगों के जन्म प्रमाणपत्र ऑफलाइन से ऑनलाइन नहीं हो पा रहे हैं, जबकि आधार कार्ड बनवाने के लिए ऑनलाइन बर्थ सर्टिफिकेट का होना आवश्यक है। ऐसे में पालकों को अपने बच्चों के आधार कार्ड बनवाने के लिए खासा परेशान होना पड़ रहा है।

### बदली गई है व्यवस्था

प्रमाणपत्रों को ऑफलाइन से ऑनलाइन करने हेतु वैधानिक भाग से मिलान कर पोर्टल में अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस तरह की व्यवस्था गलत व फर्जी प्रमाणपत्र जारी न हो सके, इसलिए बनाई गई है।

**-एनके नेताम,** उपसंचालक जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

# कबाड़ दुकान में मिला 14 लाख 25 हजार रुपए का रेलवे का लोहा, 7 गिरफ्तार



**बिलासपुर।** रेलवे व पुलिस की संयुक्त टीम ने बिल्हा की एक कबाड़ी दुकान में दबिश देकर 14 लाख 25 हजार का 83 क्विंटल 15 किलो रेलवे से चोरी गया लोहे का सामान बरामद किया है। पुलिस ने कबाड़ी सहित 7 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है।

बिल्हा टीआई तोप सिंह नवरंग ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली कबाड़ी इमरान कुरैशी की दुकान में भारी मात्रा में चोरी का सामान वाहन में लोड हो रहा है। रेलवे व बिल्हा पुलिस की संयुक्त टीम ने कबाड़ी दुकान में दबिश दी। दुकान में खड़ी पिकअप क्रमांक सीजी 10 बीपी, 3903 की तलाशी लेने पर वाहन के अंदर व दुकान में शासकीय रेल लाइन के लोहे का लाईनर, चाबी, एंगल, प्लेट, छड़, लोहे का पाइप, कांटा तार व घरेलू सामान रखा हुआ मिला। कबाड़ी उक्त सामान के दस्तावेज पेश नहीं कर पाया। रेलवे से चोरी गई रेल पटरी सहित 83 क्विंटल 15 किलो लोहे का कबाड़ जब्त किया गया। जब्त कबाड़ की कीमत 14 लाख 25 हजार 500 रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने कबाड़ी इमरान कुरैशी पिता मो. मुस्ताख कुरैशी 38 साल आमापारा बिल्हा, मनीष सागर पिता सुरेश सागर 21 साल वार्ड क्रमांक 12 बिल्हा, राज साहू पिता विजय साहू 20 साल केसला, चंदन सवरा पिता अवधराम 40 साल सवरा मोहल्ला बिल्हा, बिरजू मरावी पिता चंदन मरावी 19 साल सवरा मोहल्ला बिल्हा, रामअवतार सवरा पिता स्व. गिरधारी सवरा 58 साल वार्ड क्रमांक 5 बिल्हा, गोलू चौरसिया पिता मुन्ना चौरसिया 19 साल बरतोरी बिल्हा निवासी को गिरफ्तार कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### कटघोरा में हुआ केंद्रीय मंत्री तोखन साहू का स्वागत

**कटघोरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 12 साल विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के कार्यक्रम में शामिल होने कोरबा प्रवास पर पहुंचे केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने कटघोरा में अल्प प्रवास के दौरान शासकीय लोक अभियोजक संजय जायसवाल के निवास पर पहुंचकर परिवारजनों एवं समाज के प्रतिनिधियों से आत्मीय मुलाकात की। मंत्री तोखन साहू के आगमन पर भारतीय कलचुरी जायसवाल समवर्गीय महासभा के राष्ट्रीय सचिव विनोद जायसवाल, श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय अध्यक्ष राहुल डिक्सेना, सेवानिवृत्त प्राचार्य नंद कुमार जायसवाल, रूंगटा कॉलेज दुर्ग के प्रोफेसर चंद्रशेखर नागेंद्र तथा अंकुश जायसवाल ने पुष्पमालाओं से उनका स्वागत किया। इस अवसर पर विजेंद्र शुक्ला, निजी सचिव दरबारी यादव एवं अमित सिन्हा भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय सचिव विनोद जायसवाल ने केंद्रीय मंत्री को भगवान पशुपतिनाथ एवं काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर से लाया गया प्रसाद भेंट किया गया। मुलाकात के दौरान केंद्रीय मंत्री ने सामाजिक गतिविधियों एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोरबा।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले के शहरी एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने जनदर्शन में प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। जनदर्शन में आमजनों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित अनेक आवेदन प्राप्त हुए। इनमें पंचायतों में विकास के काम, ई-रिक्शा दिलाने, ट्रांसफॉर्मर अपग्रेडेशन, शौचालय व आवास निर्माण, मोबाईल टॉवर लगवाने, भूमि एवं राजस्व संबंधी विवाद, वनाधिकार पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत राशि भुगतान, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ दिलाने, राशन कार्ड, सीमांकन, खाता विभाजन, विद्युत व्यवस्था में सुधार, पेयजल आपूर्ति सहित अन्य मामलों से संबंधित मामलों सहित कुल 141 अन्य जनसमस्याओं के आवेदन शामिल रहे। कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को प्रेषित करते हुए शीघ्रता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक आवेदन का गंभीरतापूर्वक परीक्षण कर यथाशीघ्र राहत प्रदान करने निर्देशित किया।

### राग- रंग महोत्सव कार्यक्रम में विजेताओं को किया पुरस्कृत

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय एसईसीएल नारी राग-रंग महोत्सव का समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन एवं श्रद्धा महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन रहे। इस अवसर पर एसईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास एवं श्रद्धा महिला मंडल की उपाध्यक्षागण श्रीमती अनीता फ्रैंकलिन, श्रीमती इप्सिता दास एवं श्रीमती शुभश्री महापात्र विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। महोत्सव के द्वितीय दिवस पर समूह गायन, समूह नृत्य, स्टैंड-अप कॉमेडी/मिमिक्री तथा नाटक/स्किट प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समारोह को उत्साह प्रदान किया। समारोह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया।

### अंचल के किसानों को मिला सिंचाई का स्थाई आधार

# तेंदूभाठा एनीकट से बढ़ी सिंचाई सुविधा किसान ले सकेंगे दोहरी फसल का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसानों की समृद्धि और कृषि विकास के लिए जल उपलब्धता सबसे महत्वपूर्ण आधार है। पर्याप्त सिंचाई सुविधा के अभाव में जहां खेती की संभावनाएं सीमित हो जाती हैं, वहीं जल संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आती है। इसी उद्देश्य को साकार करते हुए जल संसाधन विभाग द्वारा तेंदुभाठा एनीकट का निर्माण किया गया, जो आज क्षेत्र के किसानों के लिए विकास और खुशहाली का नया माध्यम बन रहा है। इससे क्षेत्र में जल संरक्षण, सिंचाई सुविधा विस्तार तथा ग्रामीण विकास को नई दिशा मिली है।

**खास बात**

- 12 स्थानों में किया जाएगा एनीकट का निर्माण

पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत धौराभांठा में 2 करोड़ 45 लाख रुपये की लागत से निर्मित इस एनिकट से तेंदूभाठा सहित आस पास के गांव लाभांवित होंगे। तेंदूभाठा एवं आसपास के क्षेत्र में अधिकांश ग्रामीण कृषि पर निर्भर हैं।इनके जीविकोपार्जन का मुख्य स्त्रोत कृषि कार्य ही है। पहले जलसंग्रहण की सुविधा नही होने से बरसात का बड़ी मात्रा में पानी बहकर निकल जाता था, जिससे सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध नहीं हो पाता था। इस कारण किसानों को सीमित खेती करनी पड़ती थी तथा कई बार खरीफ के बाद रबी की फसल लेना भी चुनौतीपूर्ण हो जाता था। तेंदूभाठा एनीकट के निर्माण से वर्षा जल का संरक्षण और संचयन सुनिश्चित हुआ है। परियोजना से लगभग 60 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विस्तृत होगी, जिससे किसानों को फसलों के लिए लंबे समय तक जल उपलब्ध होगा। खेतों तक सिंचाई के लिये पानी की पहुंच बढ़ने से खेती का रकबा बढ़ेगा और किसानों को एक फसल के स्थान पर दोहरी फसल लेने के बेहतर अवसर प्राप्त हुए हैं। एनीकट से जल संचयन क्षमता बढ़ने के साथ-साथ भू-जल स्तर में भी सुधार बढ़ेगी। इससे आसपास के कुओं एवं अन्य जल स्त्रोतों में जल उपलब्धता में भी वृद्धि होगी, जिसका लाभ आने वाले समय मे सीधे ग्रामीणों व किसानों को मिलेगा। बेहतर सिंचाई व्यवस्था के कारण कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी की संभावनाएं मजबूत हुई हैं तथा किसानों की आय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। तेंदूभाठा एनीकट का लाभ केवल सिंचाई तक सीमित नहीं है। यह एनीकट ग्राम तेंदूभाठा और रंगोले के बीच संपर्क का भी महत्वपूर्ण माध्यम है, जिससे ग्रामीणों की दैनिक आवाजाही अधिक सुगम हुई है। यह परियोजना जल संरक्षण, कृषि उत्पादकता, ग्रामीण संपर्क और आर्थिक सशक्तिकरण का एक सशक्त माध्यम बना है। तेंदूभाठा एनीकट किसानों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन की आधारशिला है। विभाग की इस पहल से सिंचित रकबे में वृद्धि, दोहरी फसल उत्पादन, कृषि विकास और किसानों की आय में बढ़ोतरी के माध्यम से क्षेत्र को सतत विकास को नई दिशा प्रदान कर रही है। तेंदूभाठा के किसान कृति कुमार ने बताया कि तेंदूभाठा एनीकट के निर्माण से क्षेत्र में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध होगा ।

**2.45 करोड़ कीलागत से बना है एनीकट**



# लायंस के मनोज अध्यक्ष, नरेन्द्र सचिव, राकेश बने कोषाध्यक्ष





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

दी इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ लॉयन्स क्लब से सम्बंधित संश्था लॉयन्स क्लब कटघोरा छुरी का 14 जून को मुरली होटल कटघोरा के सभागार में क्लब के सभी सदस्यो की उपस्थिति में सत्र 2026 -27 के लिए नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसका कार्यकाल 1 जुलाई 26 से प्रारंभ होगा व 30 जून 27 को समाप्त होगा आज हुए बैठक की अध्यक्षता मनोज अग्रवाल के द्वारा की गई जबकि इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पीआरओ व क्लब संरक्षक अजय धनोंदिया व कोषाध्यक्ष राकेश गोयल मंच पर उपस्थित रहे।

इस दौरान सभागार में उपस्थित सभी सदस्यो ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए मनोज अग्रवाल सचिव पद के लिए नरेंद्र अग्रवाल व कोषाध्यक्ष पद के लिए राकेश गोयल के नामो पर निर्विरोध सहमति बनी निर्विरोध हुए नवीन अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने उपस्थित सभी सदस्यो को आभार जताते हुए कहा कि निश्चित ही जिस विस्वास के सांथ आप लोगो ने मुझे पुनः दूसरी मर्तबा अध्यक्ष पद की जवाबदेही सौंपी है मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि आप लोगो के सांथ तालमेल बनाते हुए आपकी उम्मीदों पर खरा उतर सकू व सभी के सांथ मिलकर क्लब को पूरे डिस्ट्रिक्ट में एक अलग पहचान दिला सकूं। डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया ने बताया कि निश्चित ही पूर्व वर्ष में जिस प्रकार से इस समिति ने कार्य करते हुए डिस्ट्रिक्ट व मल्टीपल में क्लब की पहचान को बनाये रखा है इसके लिए मै पूरी टीम को इसके लिए बधाई देता हूं इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट पीआरओ अजय धनोंदिया, अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव निर्वाचित नरेंद्र अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश गोयल, अजय श्रीवास्तव, राकेश पाण्डेय, भारत भूषण, राजूदास दीवान, राकेश शर्मा, मुकेश गुप्ता, आयुष मित्तल, दीपक गर्ग, दीपक बम्सल, अतुल मित्तल, आशीष अग्रवाल,वीकेश अग्रवाल, शुभम मित्तल, विक्की राजपूत, मुकेश मोटवानी, मुकेश गोयल,सुधीर पाण्डेय,अंकित सिंघल,डॉ गोपाल गोस्वामी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# नाराज जनपद सदस्यों ने जनपद कार्यालय में जड़ा ताला



कककक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में चल रहा जनप्रतिनिधियों का आक्रोश अब पूरी तरह से उग्र आंदोलन में बदल चुका है। भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी के खिलाफ धरने पर बैठे नाराज जनपद सदस्यों ने एक बड़ा कदम उठाते हुए जनपद पंचायत कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला जड़ दिया है। पोड़ी उपरोड़ा जनपद पंचायत में विवाद बेहद गरमाया, सदस्यों ने सीधे मुख्य द्वार पर लटकाया ताला। सामान्य सभा का बहिष्कार करने के बाद उग्र हुए जनप्रतिनिधि, भ्रष्टाचार के खिलाफ यह बड़ा कदम उठाया।

जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में मची खलबली, हालात को संभालने की कोशिशें की गई। इस तालाबंदी की वजह से जनपद सीईओ समेत कार्यालय के तमाम अधिकारी और कर्मचारी दफ्तर के अंदर ही बंधक बनकर रह गए हैं। चुने हुए जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकारी दफ्तर के मुख्य द्वार पर ताला लटकाए जाने की इस घटना के बाद से पूरे जिला प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। गौरतलब है कि जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा में सामान्य सभा की बैठक बुलाई गई थी लेकिन स्थानीय अधिकारियों पर निर्माण कार्यों की जानकारी और आईडी छुपाने का आरोप लगाते हुए सभी जनपद सदस्यों ने एकजुट होकर बैठक का सामूहिक बहिष्कार कर दिया था। इसके बाद सभी सदस्य मुख्य द्वार के सामने ही टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए।

**भारी पड़ा जनप्रतिनिधियों का आक्रोश**

धरने पर बैठे सदस्यों का आरोप था कि स्थानीय जनपद सीईओ और अधिकारियों का रवैया बेहद तानाशाही पूर्ण है और वे सरकार की पारदर्शिता की नीति को ठेंगा दिखा रहे हैं। जब लंबे समय तक धरने पर बैठने के बाद भी प्रशासन का कोई वरिष्ठ अधिकारी उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा, तो जनप्रतिनिधियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। सभी सदस्यों ने एकजुट होकर भ्रष्टाचार बंद करो और प्रशासन होश में आओ के नारे लगाते हुए सीधे मुख्य दरवाजे पर ताला जड़ दिया।

# उद्योग मंत्री व महापौर ने पौने 37 करोड़ की जल प्रदाय योजना विस्तार कार्य का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के पौने 37 करोड़ रूपये की लागत वाले जलप्रदाय योजना विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया, इस कार्य के पूर्ण हो जाने के पश्चात निगम क्षेत्र की ऐसे बस्तियां जहां पानी की किल्लत थी, वह समस्या अब दूर होगी तथा समस्याजनित बस्तियों, पारों एवं मोहल्लों में पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी।

निगम द्वारा जिला खनिज न्यास मद से 36 करोड़ 73 लाख रूपये की लागत से जलप्रदाय योजना का विस्तार कार्य किया जाना हैं, इसके अंतर्गत 20 एमएलडी के जलउपचार संयंत्र के साथ-साथ इमलीडुग्गू में 12 लाख 60 हजार लीटर की क्षमता वाली पानी टंकी, दादरखुर्द में 22 लाख 50 हजार लीटर की क्षमता वाली पानी टंकी एवं रूमगरा में 10 लाख 80 हजार लीटर की क्षमता वाली पानी टंकी यानी उच्च स्तरीय जलागार का निर्माण किया जाएगा, वहीं 15.3 किलोमीटर पाईप लाईन भी बिछाई जाएगी। योजना के पूर्ण होने पर इमलीडुग्गू मोतीसागरपारा, भिलाईखुर्द, बरबसपुर, कर्रानाला, मानिकपुर, रूमगरा, ढेलवाडीह, खरमोरा, दादरखुर्द, बेलगिरी बस्ती में निवासरत नागरिकों को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किये जाने के साथ-साथ निचले स्तर पर स्थित बस्तियों जहाँ पर लो प्रेशर के फलस्वरूप पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही थी, उन समस्त स्थानों में निर्वाध पेयजल की आपूर्ति हो सकेगी तथा निगम क्षेत्र की लगभग 60 हजार जनसंख्या इस कार्य से लाभान्वित होंगे। इमलीडुग्गू गौमाता चौक में आयोजित भूमिपूजन कायक्रम के दौरान इस महत्वपूर्ण विकास कार्य का भूमिपूजन उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के हाथों सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हम सबको जिला खनिज न्यास मद के रूप में एक बड़ी सौगात दी है, जिसके परिणाम स्वरूप जिलों में अरबों रूपये के विकास कार्य इस मद के अंतर्गत हो रहे हैं।



**डामरीकरण कार्य का किया भूमिपूजन**

उद्योगमंत्री लखनलाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने रविशंकर नगर जोनांतर्गत रविशंकर नगर में 99 लाख 78 हजार रूपये की लागत से होने जा रहे बिटुमिन सड़क निर्माण व डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया पं.रविशंकर शुक्लनगर जोनांतर्गत रविशंकर नगर स्थित श्री मेडिको से दादर नाला पुल तक एस.ई.सी.एल. के सीएसआर मद से 99 लाख 78 हजार रूपये की लागत से बिटुमिन सड़क का निर्माण कराया जाना हैं।

# उरगा-धरमजयगढ़ कॉरिडोर रेल परियोजना में अंडरपास को किया गया शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छग ईस्ट रेलवे लिमिटेड फेज-2 के तहत निर्माणाधीन उरगा-धरमजयगढ़ रेल कॉरिडोर में 6 जगहों पर स्पेशल एलीफेंट अंडरपास बनाया जाएगा। परियोजना का मकसद 65 किमी लंबे इस रेल मार्ग में हाथियों और अन्य वन्यजीवों के आवागमन को सुरक्षित बनाना है।

**खास बात**

- 65 किलोमीटर में होंगे 6 एलीफेंट अंडरपास हाथियों की आवाजाही होगी सुरक्षित

वन विभाग के प्रस्ताव पर रेलवे कनेक्टिविटी को मजबूत लिए 26 अंडरब्रिज और 19 रेलवे अंडरब्रिज भी बनाए जा रहे हैं, जिसमें विशेष एलीफेंट अंडरपास भी शामिल हैं। उरगा से धरमजयगढ़ के बीच बिछाई जा रही 45 किमी लंबी रेल लाइन जिले में आती है। यह करतला वन परिक्षेत्र का वह इलाका है, जहां हाथियों का प्रमुख रहवास और पारंपरिक आवागमन मार्ग है। वन विभाग के सर्वे के बाद इन 6 क्रिटिकल पॉइंट्स को चिह्नित किया गया है, जहां से हाथियों के झुंड अक्सर गुजरते हैं। इन्हीं जगहों पर कंक्रीट के अंडरपास बनाए जा रहे हैं ताकि रेल लाइन शुरू होने के बाद भी हाथियों का प्राकृतिक मूवमेंट बाधित न हो। ये पुल बीच में पड़ने वाले जंगल, नदी, नालों व सड़कों के कारण बनाए जा रहे हैं। सर्वे के अनुसार जब हाथी करतला क्षेत्र से लौटते हैं, तो वे मुख्य रूप से ग्राम घिनारा और धसकामुड़ा जैसे वन क्षेत्रों के रास्तों का उपयोग करते हैं। इसके आस-पास के क्रिटिकल पॉइंट्स को भी चिह्नित कर अंडरपास तैयार किया जा रहा है, ताकि रेल लाइन बिछने के बाद भी हाथियों का प्राकृतिक आवागमन बाधित न हो। हाथियों को कृत्रिम कंक्रीट संरचनाओं से दूर रखने या भ्रमित होने से बचाने के लिए इन अंडरपास के आस-पास के रास्तों को प्राकृतिक रूप दिया जाएगा। इन अंडरपास मार्गों का डिजाइन सामान्य रेलवे अंडर ब्रिज जैसा न होकर, बड़े नेशनल हाईवे के एलीफेंट कॉरिडोर की तर्ज पर किया जा रहा है। इनकी ऊंचाई और चौड़ाई इतनी पर्याप्त रखी जा रही है, जिससे हाथियों का पूरा झुंड आसानी से पार हो सके। एजीएम, एसईसीआर विजय साहू ने जानकारी देते हुए बताया की ईस्ट रेल कॉरिडोर के बीच जंगल होने से वन्य जीवों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके लिए 2500 करोड़ की एक परियोजना बनाई गयी हैं। परियोजना पूरी होने के बाद हाथियों को आवागमन के लिए रेल लाइन को पार न करना पड़े, इस दिशा में निर्माण एजेंसी काम कर रही है।

### मनरेगा के माध्यम से हितग्राहियों को मिल रहा 90 दिवस का रोजगार

**कोरबा।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत जिले ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए एक लाख से अधिक पक्के आवासों का निर्माण पूर्ण कर लिया है। वर्ष 2016 से अब तक जिले में कुल 1 लाख से अधिक आवासों का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जिससे हजारों ग्रामीण परिवारों का अपने पक्के घर का सपना साकार हुआ है। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिए चरणबद्ध तरीके से 1.20 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाती है।

# एक संकल्प के साथ संपन्न हुआ समपार जागरूकता सप्ताह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रेलवे द्वारा अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष जनजागरूकता अभियान का समापन किया गया। सप्ताह के अंतिम दिन एक परिवार एक संकल्प थीम के अंतर्गत सैकड़ों परिवारों को समपार सुरक्षा, रेल लाइन सुरक्षा एवं सुरक्षित रेल संचालन के प्रति सामूहिक संकल्प दिलाया गया। मंडल रेल प्रबंधक राकेश रंजन के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के नेतृत्व में संचालित इस अभियान का उद्देश्य बिलासपुर मंडल के अंतर्गत स्थित 74 समपार फाटकों पर सुरक्षित व्यवहार को बढ़ावा देना तथा नागरिकों में रेलवे संरक्षा के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय समपार जागरूकता सप्ताह को मंडल द्वारा अभिनव एवं थीम आधारित स्वरूप में आयोजित किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न संस्थाओं में लगभग 16 हजार विद्यार्थियों एवं नागरिकों को समपार सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। वहीं, 54 से अधिक गांवों एवं बस्तियों में आयोजित जनसंवाद एवं ग्राम संपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से 86सौ से अधिक ग्रामीण नागरिकों तक रेलवे संरक्षा का संदेश पहुंचाया गया।

**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी न्यू ईरा प्रोग्रसिव स्कूल के पास रामपुर, कोरबा (छ.ग.)**
Email id- korbarto@gmail.com
Phone no 07759-226640
क्रमांक/286/जि.प.अ. / 26
कोरबा दिनांक 11/06/2026

**//नोटिस//**

वाहन क्रमांक CG12AW2255(HGV) के पंजीकृत वाहन स्वामी DARSHAN SINGH SANDHU S/O LT SUCHHA SINGH SANDHU HNO LIG 09 WNO 01 HOUSING BOARD COLONY NEHRU NAGAR CHHIRRA KATGHORA है। उक्त वाहन को वित्त पोषक INDOSTAR CAPITAL FINANCE LIMITED द्वारा दिनांक 23/03/2026 को कार्यालय के समक्ष मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 51 के अंतर्गत वाहन को अपने कब्जे में लेकर अपने नाम INDOSTAR CAPITAL FINANCE LIMITED के नाम पर अंतरण दर्ज करने बाबत् केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 61 (2) के तहत निर्धारित प्ररूप 36 में इस प्राधिकार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त वाहन को वित्त पोषक के नाम में अंतरण करने के संबंध में पंजीकृत वाहन स्वामी को कार्यालयीन पत्र कमांक 1724/जि.प.अ./दिनांक 01/04/2026 एवं कार्यालयीन पत्र क्रमांक 100/ जि.प.अ./ दिनांक 21/04/2026 को फार्म 37 में नोटिस जारी कर पत्र प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर अपना अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु अवसर दिया गया था। वाहन स्वामी को डाक के माध्यम से सूचना जारी करने के पश्चात् भी आज दिनांक तक कार्यालय में उपस्थित नहीं हुए। वाहन स्वामी अथवा अन्य किसी हितबद्ध पक्षकार को दावा-आपत्ति करनी हो तो दिनांक 25/06/2026 तक कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी कोरबा में कर सकते हैं। दावा-आपत्ति नहीं आने की स्थिति में एकपक्षीय अंतरण की कार्यवाही की जायेगी।

जिला परिवहन अधिकारी
कोरबा (छ.ग.)

**शपथ पत्र**

मैं AMIT KUMAR पिता श्री SUDARSHAN PRASAD उम्र लगभग 44 वर्ष, निवासी-BALCO NAGAR KORBA, DIST- KORBA (C.G.) PIN-495684 का होकर निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँः

01. यह कि, मेरी पुत्री RAAWI VERMA का प्रवेश दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको में कक्षा Prep-I में करवाया था प्रवेश के समय छतीसगढ़ शासन के द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र क्रमांक 111 दिनांक 11/07/2012 जमा कराया था जिसमें मेरा नाम AMIT KUMAR VERMA दर्ज था।

02. यह कि उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर अभी तक दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको के सभी दस्तावेजों में मेरा उपरोक्त नाम दर्ज किया गया है।

03. यह कि मैंने अपने पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में आवश्यक संशोधन करवा लिया है और संशोधित जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार मेरा नाम AMIT KUMAR है जिसे मैं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको के रिकार्ड में भी दर्ज करवाना चाहता हूँ।

04. यह कि (पूर्व नाम) AMIT KUMAR VERMA एवं (नया नाम) AMIT KUMAR एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है।

05. यह कि यह शपथ पत्र मेरे पुत्री के नए जन्म प्रमाण पत्र अनुसार नया नाम दर्ज करने के संबंध में दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको में प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
AMIT KUMAR
पिता Shri SUDARSHAN PRASAD
निवासी-BALCO NAGAR KORBA,
DIST- KORBA (C.G.)

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ती एकता उम्र 22 वर्ष पिता जयपाल सिंह, निवासी सेमीपाली, कोरबा (छ.ग.) की निवासी हूँ तथा नीचे लिखे अनुसार शपथ करती हूँः-

01. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सहीं है।

02. यह कि, मैने जी.एन.एम. (तृतीय वर्ष) की परीक्षा वर्ष 2024 में ऑरिएंटल कॉलेज ऑफ नर्सिंग, मानिकपुर, कोरबा (छ.ग.) से उत्तीर्ण किया, मेरा रोल नं. 42106 है।

03. यह कि, उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात मुझे उक्त परीक्षा की अंकसूची प्राप्त हुई थी, परन्तु उक्त अंकसूची की मूल प्रति मुझसे कहीं गुम हो गई है बहुत ढुंढने पर भी नहीं मिली।

04. यह कि, उक्त अंकसूची के गुम हो जाने से मेरे शैक्षणिक एवं अन्य कार्यों हेतु बहुत ही दिक्कत हो रही हैं उक्त अकंसूची की डुप्लीकेट प्रति की शीघ्र आवश्यकता है, जिससे मेरा कार्य सुचारू रूप से चल सकें।

अतः मुझे गुम हुए उक्त अकंसूची की डुप्लीकेट प्रति प्रदान करने बाबत यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
एकता
पिता जयपाल सिंह
निवासी सेमीपाली, कोरबा (छ.ग.)

## पृष्ठ 1 का शेष

### जनवरी तक...

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में सेवा, सुशासन और जनकल्याण को केंद्र में रखकर अनेक विकास कार्य किए गए हैं। उनके मार्गदर्शन में जिले में भी विभिन्न विकास परियोजनाएं साकार हुई हैं, जिनमें भूलसीडीह मेडिकल कॉलेज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश नाग सहित जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण अधिकारी उपस्थित थे।

### आज से खुलेंगे...

पहले दिन एक सेट गणवेश का वितरण किया जाएगा। दूसरे सेट के लिए छात्रों को इंतजार करना पड़ेगा। प्रदेश के सभी स्कूलों में केवल एक सेट ही गणवेश का वितरण किया जा रहा है। इसी तरह साइकिल वितरण के लिए भी स्कूल प्रबंधन व छात्राओं को इंतजार करना पड़ेगा। अभी तक साइकिल की आपूर्ति जिले में नहीं हुई है। स्कूलों के साथ आश्रम व छात्रावास को भी छात्रों के रहने के लिए तैयार कर दिया गया है। आश्रम शाला में भी आज से शाला प्रवेशोत्सव की शुरुआत हो जाएगी।

## कोरबा मार्केट

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP PARAMEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY)
शैक्षणिक योग्यता 12 वीं पास (जीव विज्ञान विषय के साथ) केवल महिला अभ्यर्थी आवेदन कर सकती हैं।
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (2 वर्ष)
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन
O.T. TECHNICIAN (1 वर्ष)
ऑपरेशन थियेटर टेक्नशियन
X-RAY TECHNICIAN (2 वर्ष)
एक्स-रे टेक्नशियन
9993000683
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोसाबाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### जेसीआई और रेड क्रॉस सोसाइटी का रक्तदान शिविर संपन्न

**कोरबा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर जेसीआई सेंट्रल द्वारा भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संयुक्त तत्वाधान में एमजेएम हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम सिंह अग्रवाल चेयरमैन, रेड क्रॉस सोसायटी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में योगेश जैन अध्यक्ष, जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, राजेश बागड़िया एवं अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री अग्रवाल ने रक्तदान को जीवनदान की संज्ञा देते हुए समाज के प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति से नियमित रक्तदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ प्रिंस जैन ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा निःस्वार्थ कार्य है जो अनेक लोगों के जीवन में नई आशा का संचार करता है। एमजेएम हॉस्पिटल की टीम, रेड क्रॉस सोसायटी एवं सभी रक्तदाताओं के सहयोग से शिविर संपन्न हुआ। अंत में रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा उपहार स्वरूप पानी की स्टील बोतल प्रदान कर सम्मानित किया गया। अभिषेक अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ बजाज, अभिषेक अग्रवाल, प्रेम मदान, हर्ष गुप्ता, आयुष अग्रवाल, डॉ. सरफराज खान, कपिल विश्वकर्मा, प्रवेश अग्रवाल, राहुल सिंघल, साजन अग्रवाल, रोहित असरानी, अंश अग्रवाल, पलाश रेलवानी, अभय अग्रवाल, अंकित अग्रवाल का विशेष योगदान रहा।

### वित्तीय शिक्षा, निवेश और धन प्रबंधन से जुड़ी जानकारी देना मेरा उद्देश्य : जसमीत



**कोरबा।** जसमीत सिंह छाबड़ा ने सोमवार को तिलक भवन में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें टॉपनॉच फाउंडेशन द्वारा 21 मई को नई दिल्ली स्थित होटल शांगरी-ला इरोस में आयोजित समारोह में सरदार पटेल एकता पुरस्कार 2026 प्रदान किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा एवं व्यापार क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित करना था। समारोह में कोरबा एवं रायपुर से जुड़े वित्तीय शिक्षाविद एवं पर्सनल फाइनेंस कोच जसमीत सिंह छाबड़ा को वित्तीय जागरूकता और व्यक्तिगत वित्त शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए मोस्ट आउटस्टैंडिंग पर्सनल फाइनेंस कोच श्रेणी में सरदार पटेल राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। श्री छाबड़ा ने बताया कि पिछले 22 वर्षों से बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र में एक वरिष्ठ कॉर्पोरेट प्रोफेशनल के रूप में कार्यरत हैं। इसके साथ ही वे पिछले दो वर्षों से जसमीत छाबड़ा फाइनेंस नाम से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय हैं, जहां वे लोगों को वित्तीय शिक्षा, निवेश जागरूकता और धन प्रबंधन से जुड़ी जानकारी प्रदान करते हैं। उनके कंटेंट को विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर 9 मिलियन से अधिक व्यूज प्राप्त हो चुके हैं। वित्तीय क्षेत्र में पारदर्शिता, जागरूकता और जिम्मेदार वित्तीय निर्णयों को बढ़ावा देने के उनके प्रयासों को व्यापक सराहना मिली है।

### भाषण, पेंटिंग, रंगोली एवं पौष्टिक आहार प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिला के पाली मंडल में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा पाली मंडल अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर महिलाओं के लिए भाषण, पेंटिंग, रंगोली एवं पौष्टिक आहार प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए अपनी रचनात्मकता, प्रतिभा और सामाजिक जागरूकता का परिचय दिया। प्रतिभागियों ने रंगोली और पेंटिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्यों, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया तथा सभी प्रतिभागी बहनों के उत्साह और योगदान की सराहना की गई।

## अब तक नहीं हुई है कोई ठोस कार्रवाई

# वेतन मांगने पर ठेका कर्मचारियों को दी धमकी, ठेकेदार के खिलाफ खोला मोर्चा



प्रदर्शन करते हुए ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम स्थित 210 गुना 4 ताप विद्युत संयंत्र में कार्यरत ठेका कर्मचारियों और ठेकेदार के बीच विवाद गहराता जा रहा है। कर्मचारियों द्वारा वेतन और अन्य समस्याओं को लेकर आवाज उठाने के बाद अब मामला खुलकर सामने आ गया है। कर्मचारियों ने ठेकेदार पर धमकी, प्रताड़ना और दबाव बनाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में मुख्य अभियंता सहित संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत भी सौंपी गई है। शिकायत में कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि लगभग 10 वर्षों से संयंत्र में कार्यरत कर्मचारियों को वेतन की मांग करने पर काम से निकालने, स्थानांतरण करने तथा मानसिक दबाव बनाने की धमकी दी जा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले कई दिनों से वे अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रख रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी बीच ठेकेदार का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह अपनी सफाई देते हुए और पूरे मामले पर अपना पक्ष रखते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। एक ओर कर्मचारी ठेकेदार पर शोषण और प्रताड़ना के आरोप लगा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ठेकेदार अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को गलत बता रहा है। नाराज कर्मचारियों का कहना है कि यदि 72 घंटे के भीतर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन और विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। फिलहाल मामले को लेकर संयंत्र परिसर में चर्चा का माहौल है और सभी की नजरें प्रबंधन एवं अधिकारियों की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई हैं। दोनों पक्षों के वीडियो और शिकायत सामने आने के बाद जांच और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

### अस्पताल में कार्यरत ठेका कर्मियों नर्स ने किया धरना प्रदर्शन



हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा-पश्चिम के चिकित्सालय में मेसर्स के अंतर्गत जो ठेका श्रमिक कार्यरत है उनके द्वारा भारतीय संविदा मजदूर संघ कोरबा पश्चिम को लिखित में शिकायत प्राप्त हुआ है कि उक्त ठेकेदार द्वारा आज तक ईएसआईसी, ईपीएफ एवं शासन द्वारा निर्धारित वेतन प्रदान नहीं किया जा रहा है। इस विषय में पूर्व में भी संघ द्वारा आपको अवगत कराया गया था, परंतु आज तक समस्या निरंतर बनी हुई है। संघ द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि सभी समस्याओं का निराकरण नहीं होता है तो 15 जून से कामबंद आंदोलन किया जाएगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी कंपनी प्रबंधन की होगी।

## कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भूविस्थापितों के विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टोरेट का घेराव करने के लिए कूच किया, जहां कोसाबाड़ी चौक में पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोक लिया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित भूविस्थापितों ने जिला प्रशासन के अफसरों को विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस व प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था थी।

**खास बात**

- पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित कांग्रेसी हुए रैली में शामिल

विभिन्न मांगों को लेकर भूविस्थापितों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपते हुए रैली निकाली गई है। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि एसईसीएल मानिकपुर परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्राम भिलाई खुर्द एवं रापाखर्रा सहित आसपास के प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामवासी, भू-विस्थापित एवं श्रमिक लंबे समय से गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं जिसमें मुख्य रुप से मानिकपुर ओसीएम के परित्यक्त क्षेत्रों में की जा रही राखड़ डंपिंग से आसपास के गांवों में गंभीर प्रदूषण फैल रहा है। बरसात एवं तेज हवाओं के दौरान राखड़ उड़कर घरों, खाद्य पदार्थों एवं पेयजल स्रोतों को दूषित करती है। मानिकपुर परियोजना के कारण प्रभावित एवं भू-विस्थापित परिवारों को मानिकपुर माइंस की वर्तमान एवं भविष्य की सभी ठेका कंपनियों में रोजगार प्रदान करने हेतु प्राथमिकता सुनिश्चित की जाए। जिन परिवारों ने अपनी कृषि भूमि एवं आजीविका के साधन खोए हैं, उन्हें रोजगार से वंचित रखना सामाजिक न्याय एवं पुनर्वास की भावना के विपरीत है। रोजगार के अवसरों में स्थानीय भू-विस्थापितों को प्राथमिक अधिकार प्रदान किया जाए। कई ठेका मजदूरों द्वारा शिकायत की गई है कि उन्हें निर्धारित एचपीसी रेट के अनुसार भुगतान नहीं किया जाता। श्रमिकों के श्रम का उचित मूल्य सुनिश्चित करना प्रशासन एवं नियोक्ता दोनों का दायित्व है। अतः सभी ठेका कंपनियों के भुगतान अभिलेखों की जांच कर नियमानुसार भुगतान सुनिश्चित कराया जाए। नकद भुगतान की स्थिति में पीएफ, ईएसआई एवं अन्य वैधानिक लाभों में अनियमितता की संभावना बनी रहती है। इसके अलावा विभिन्न ठेका कंपनियों की जांच कराने शिकायत प्राप्त हुई है। मानिकपुर परियोजना क्षेत्र में भविष्य में कार्यरत होने वाली सभी ठेका कंपनियों में स्थानीय प्रभावित एवं भू-विस्थापित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार प्रदान करने की नीति लागू की जाए। प्रदूषण की स्वतंत्र जांच एवं नियंत्रण उपाय, सीएसआर एवं डीएमएफ फंड से प्रभावित गांवों का विकास प्राथमिकता से कराने मांग की गई है। रैली एवं ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल रहे।

## धूल प्रदूषण और जल संरक्षण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चक्काजाम करते ग्रामीण।

रेलवे साइडिंग से उड़ रही धूल और डस्ट प्रदूषण, खोलार नदी में स्टॉप डेम निर्माण नहीं होने तथा अन्य स्थानीय समस्याओं को लेकर पंखा दफाई एवं सुराकछार के रहवासियों ने सोमवार को बांकीमोंगरा-कोरबा मुख्य मार्ग पर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। पार्षद प्रेम कुमार के नेतृत्व में आयोजित इस आंदोलन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि हर वर्ष एसईसीएल द्वारा खोलार नदी में स्टॉप डेम बनाकर पानी का संरक्षण किया जाता रहा है, लेकिन इस वर्ष ऐसा नहीं किए जाने से क्षेत्र में जल संकट की आशंका बढ़ गई है। वहीं रेलवे साइडिंग से लगातार उड़ने वाली धूल के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है और लोगों को स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ चक्का जाम दोपहर 1 बजे तक चला। करीब 4 घंटे तक मुख्य मार्ग पर वाहनों की आवाजाही पूरी तरह प्रभावित रही, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बाद में दर्री तहसीलदार, बांकी मोंगरा थाना प्रभारी, रेलवे के अधिकारियों एवं एसईसीएल के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों से चर्चा की और उनकी मांगों पर लिखित आश्वासन दिया। अधिकारियों ने 17 तारीख तक समस्याओं के समाधान का भरोसा दिलाया, जिसके बाद आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से समाप्त कर दिया गया।

## तालाब में सफाई के लिए उतरा ग्रामीण, जलकुंभी में फंसने से मौत



मृतक के शव को निकालते रेस्क्यू टीम के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना क्षेत्र के छुरी स्थित गणेश तालाब में सोमवार को तालाब में जलकुंभी हटाने उतरे 50 साल के ग्रामीण श्यामलाल सारथी की डूबने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और गोताखोरों की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला गया।

पंचायत की ओर से छुरी गणेश तालाब की सफाई का काम ठेके पर दिया गया था। श्यामलाल सारथी अपने पांच अन्य साथियों के साथ तालाब में सफाई के लिए उतरा था। सफाई करते हुए श्यामलाल तालाब के बीच वाले हिस्से तक पहुंच गया, जहां जलकुंभी और कीचड़ काफी घना था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह घनी जलकुंभी में उलझ गया। उसके साथियों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन गहराई और फिसलन के कारण वह पानी में समा गया। हादसे के तुरंत बाद साथियों ने शोर मचाकर ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कोरबा से गोताखोरों की टीम बुलाई गई। लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने तालाब के बीच से श्यामलाल का शव बरामद किया। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर जांच की जा रही है।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनकी निवासी अजय कश्यप 35 वर्ष पिता अवधराम कश्यप सोमवार को अपने गांव के समीप स्थित तालाब में नहाने गया था जहां नहाने के दौरान वह गहरे पानी में समा गया जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से तालाब से बाहर निकाला गया और उसे उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।




### हसदेव बॅराज के बाढ़ क्षेत्र में बाढ़ के नुकसान से बचने जल प्रबंध संभाग ने जारी की सूचना

**कोरबा।** वर्षाकाल 2026 के दौरान हसदेव बराज दर्री से नदी में पानी छोड़े जाने पर जिले के 17 गांव बाढ़ से प्रभावित हो सकते हैं। इन सभी गांवों में चल, अचल संपत्ति के बाढ़ से होने वाले नुकसान से बचाने के लिए उन्हें सुरक्षित स्थान पर स्थापित कर लेने की सूचना स्थानीय हसदेव बराज जल प्रबंध संभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। हसदेव बराज दर्री से पानी छोडे जाने की स्थिति में कोरबा जिले के 17 गांव-चारपारा, खैरभवना, बरमपर, भलपहरी, जोगीपाली, कोहड़यिा, राताखार, गेवराघाट, सीतामणी, ईमलीडूग्गू, कुदुरमाल, बरीडीह, कटबितला, मोहरा, झींका, ठिठोली और चिचौली बाढ़ संभावित गांवों में शामिल किये गये हैं। जांजगीर-चांपा जिले के दो गांव चांपा और देवरी भी संभावित गांवों में शामिल हैं। कार्यपालन अभियंता हसदेव बराज जल प्रबंध संभाग कोरबा ने बताया कि जल प्रबंध संभाग द्वारा हसदेव बॅराज के नीचे और किनारे के सभी गांवों में चल, अचल संपत्ति को सुरक्षित स्थानों पर स्थापित कर लेने की सूचना जारी की गई है।

